अनौपचारिक पत्र परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

परीक्षा भवन
भुवनेश्वर
दिनांक- १०.११.२२
प्रिय मोहन,
मैं यहाँ कुशलतापूर्वक हूँ और तुम्हारी कुशलता की कामना करता हूँ। इस पत्र के माध्यम से मैं तुम्हें तुम्हारी शानदार सफलता के लिए बधाई देना चाहता हूँ। मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि तुमने इस बार चौथी कक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तुम्हारी सफलता के लिए अनंत शुभकामनाएँ और एक बार पुनः हार्दिक बधाई।
चाचा और चाची को मेरा प्रणाम कहना और बहन को मेरा स्नेह।
तुम्हारा मित्र

अमर

गृहकार्य

परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए ।